पत्रांक–9 / सै0 राजस्व संग्रहण–01 / 2024–..............................(9) / रा0,

# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**प्रेषक,**

**जय सिंह,**
**सचिव।**

**सेवा में,**

ई–मेल

**सभी समाहर्त्ता,**
**बिहार।**

पटना–15, दिनांक–...............................

**विषयः– राजस्व संग्रहण (भू–लगान) की वसूली निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप नहीं होने के संबंध में।**

**प्रसंग :– विभागीय पत्रांक–1415(9) दिनांक–03.06.2024, 1479(9) दिनांक–11.06.2024 एवं पत्रांक–2510(9), दिनांक–09.09.2024**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों के संदर्भ में आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए विभाग द्वारा राजस्व संग्रहण (भू–लगान) का जिलावार वार्षिक लक्ष्य एवं माहवार लक्ष्य क्रमशः विभागीय पत्रांक–1415(9) दिनांक–03.06.2024 एवं पत्रांक 1479(9) दिनांक–11.06.2024 द्वारा निर्धारित एवं संसूचित है। मुख्य सचिव, बिहार के स्तर पर भू–लगान वसूली कार्य के प्रगति की समीक्षा की गयी। उक्त समीक्षा में यह पाया गया है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य 600 करोड़ के विरूद्ध दिनांक–27.01.2025 तक मात्र 296.50 करोड़ की वसूली की गयी है, जो निर्धारित लक्ष्य से काफी कमतर है। साथ ही, समीक्षा के क्रम यह भी परिलक्षित हुआ है कि भू–लगान वसूली की कार्रवाई मात्र 20.97 प्रतिशत सृजित जमाबदी से ही हुई है, जो संतोषजनक नही प्रतीत होता है।

ज्ञातव्य हो कि सम्प्रति राज्य में लगभग 48 लाख जमाबंदी में अंतिम लगान का विवरण दर्ज नही है। इस संबंध में विभागीय पत्रांक–3348 (9ए), दिनांक–18.12.2024 द्वारा ऑनलाईन जमाबंदी में अंतिम लगान का विवरण दर्ज करने हेतु दिनांक–23–28 दिसम्बर, 2024 तक लगान अद्यतीकरण सप्ताह के तहत अभियान चलाने का निदेश संसूचित किया गया था। तथापि, प्रगति संतोषजनक नहीं पाया गया है। ऑनलाईन भू–लगान जमा करने की कार्रवाई हेतु सभी अंचल कार्यालय स्तर पर CSC (Common Service Centre) की सुविधा देते हुए इसे अधिकृत किया गया है। उक्त CSC का स्थानीय स्तर पर प्रसार–प्रचार किया जाय, ताकि भू–धारियों / नागरिको को इसकी सुविधा प्राप्त हो सके।

तद्नुसार वर्तमान वित्तीय वर्ष में राज्यस्तर पर भू–राजस्व संग्रहण की कार्रवाई निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप ससमय सुनिश्चित किये जाने हेतु निम्नांकित निदेश संसूचित किये जाते हैः–

1. भू–राजस्व संग्रहण हेतु व्यापक रूप से जमाबंदीधारकों को जागरूक करने एवं शीघ्र बकाया लगान भुगतान हेतु प्रेरित करने के लिए राजस्व कर्मचारी के स्तर पर हल्कावार कैम्प का आयोजन किया जाय।

2. विभागीय निदेश के अनुरूप राज्यस्तर पर शेष सभी जमाबंदियों में अंतिम लगान का विवरण दर्ज किया जाय तथा भू–राजस्व संग्रहण की कार्रवाई इन जमाबंदियों से की जाय।

**कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाय।**

**विश्वासभाजन**

**ह0 / –**
**(जय सिंह)**
**सचिव।**

**कृ0पृ0उ0**

D:\Shail secon-9\2025\letter_(9)_25.doc - 46

**ई–मेल**

ज्ञापांकः–9 / सै0 राजस्व संग्रहण–01 / 2024–..........................(9) / रा0, पटना–15, दिनांक– ..........................

प्रतिलिपिः– सभी प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार / सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार / सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बिहार एवं सभी अंचलाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0 / –
(जय सिंह)
सचिव।

ज्ञापांकः–9 / सै0 राजस्व संग्रहण–01 / 2024–339 (9) / रा0, पटना–15, दिनांक– 31-01-2025

प्रतिलिपिः– विभागीय आई0 टी0 प्रबंधक को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ प्रेषित।

31/1/25
(जय सिंह)
सचिव।